ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्ष: 3 अंक : 174

मेरठ,गुरूवार, 25 अप्रैल 2024

(पृष्ठ: 6)

मूल्य: 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'

प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



मानव संबंधों में सबसे बड़ी गल्ती-हम आधा सुनते हैं.. 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सामान्य प्रेक्षक के .. 6

## एक नजर..

### धूप में भी गायब हुई परछाई



यह तस्वीर बेंगलुरू की है जहां एक स्कूल के बच्चे अपनी पानी की बोतलों को धूप में रखे हुए हैं और उसकी कोई भी परछाई न दिखने पर आनंदित हो रहे हैं। यहां के जवाहरलाल नेहरू प्लैनेटैरियम में बच्चों ने अनूठी खगोलीय घटना का अनुभव किया। बेंगलुरू में बुधवार को 'जीरो शैडो डे' मनाया गया। अर्थात शून्य परछाई दिवस। बताया गया कि ऐसा साल में दो बार होता है जब सूर्य सिर के ठीक सीध में होता है। लगभग दोपहर के समय ऐसे दृश्य में किसी व्यक्ति या वस्तु की कोई परछाई ही नहीं बनती।

### हरियाणा में 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए मुफ्त बस सेवा



चंडीगढ़, महेंद्रगढ़ के कनीना में बस हादसे में छह स्कूली विद्यार्थियों की मौत के बाद हरियाणा सरकार हरकत में आते हुए स्कूली बच्चों की परिवहन सुविधा को लेकर सतर्क हो गई है। सरकार ने पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को परिवहन सुविधा मुहैया करवाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को गाइड लाइन जारी की है। अप्रैल माह से शुरू हुए शिक्षा सत्र के दौरान ही सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को निशुल्क विद्यार्थी परिवहन सुरक्षा योजना के तहत बस सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

शिक्षा निदेशालय की तरफ से बुधवार को प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किए गए पत्र के अनुसार निशुल्क परिवहन व्यवस्था का लाभ लेने वाले छात्र-छात्राओं का दूरी सहित डाटा एमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। जो विद्यार्थी इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं उनका डाटा दूरी के साथ, वाहनों की सूची, रूट मैप अपलोड किया जाएगा। राज्य सरकार की योजना है कि एक मई से प्रदेश के विद्यार्थियों को मुफ्त परिवहन योजना का लाभ प्रदान कर दिया जाए।

**स्कूलों में तीन बार बजेगी पानी पीने की घंटी**

स्कूली बच्चों को हीट वेव से बचाने के लिए हरियाणा सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। जिलों के अधिकारियों को कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि किसी भी स्कूल में विद्यार्थियों को धूप में न बैठाया जाए। धूप में कोई आयोजन भी न हो। स्कूल में विद्यार्थियों के लिए साफपीने के पानी की व्यवस्था जरूरी है। सभी विद्यालयों में दिन में तीन बार पानी पीने के लिए घंटी बजाई जाएगी ताकि सभी विद्यार्थी समयानुसार पानी पी सकें। विद्यालयों में उपलब्ध रेडक्रास फंड से ओआरएस पैकेट्स की व्यवस्था करने को कहा गया है। राशि के उपयोग के लिए स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) को अधिकृत किया गया है।

### अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार



मुंबई (एजेंसी) अभिनेता अमिताभ बच्चन को बुधवार को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 5 मंगेशकर भाई-बहनों में सबसे बड़ी लता की 2022 में मृत्यु हो जाने के बाद इस पुरस्कार की स्थापना की गयी थी। बच्चन (81) को यह सम्मान दीनानाथ मंगेशकर के स्मृति दिवस पर मिला। गायिका उषा मंगेशकर ने यह पुरस्कार प्रदान किया। पहले, गायिका आशा भोसले ने यह पुरस्कार देना था लेकिन वह अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं। यह पुरस्कार हर साल उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, उसके लोगों और समाज के प्रति अग्रणी योगदान दिया हो। पीएम नरेन्द्र मोदी इसके पहले प्राप्तकर्ता थे।

# सैम पित्रोदा के अमेरिका में 'विरासत कर' बयान पर सियासी घमासान



छत्तीसगढ़ के सरगुजा में बुधवार को एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

नयी दिल्ली/अंबिकापुर, (एजेंसी) 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के अमेरिका में 'विरासत कर' संबंधी बयान पर सियासी घमासान मच गया है। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में एक रैली में प्रधानमंत्री ने इसे मुद्दा बनाते हुए कहा कि कांग्रेस आपके बच्चों का अधिकार छीनना चाहती है। इस बीच, पित्रोदा के बयान को उनका निजी विचार बताते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'लोकतंत्र में एक व्यक्ति अपनी बात रखने के लिए स्वतंत्र होता है। अब उनकी टिप्पणियों को सनसनीखेज बनाकर दूसरे संदर्भ में पेश किया जा रहा है। ऐसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दुर्भावना और नफरत से भरे चुनाव अभियान से ध्यान भटकाने के लिए जानबूझकर किया जा रहा हैय जो सिर्फझूठ पर आधारित है।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'कांग्रेस के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कहा था कि देश के मध्यम वर्ग के लोग जो मेहनत करके कमाते हैं उन पर ज्यादा कर लगना चाहिए। अब ये लोग उससे भी एक कदम आगे चले गए हैं। कांग्रेस का कहना है कि अब वह इनहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) लगाएगी। कांग्रेस सरकार का पंजा उसे भी आपसे छीन लेगा।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मंत्र है- 'कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब तक देश में कांग्रेस सत्ता में थी तब तक लोगों का पैसा लूटा जा रहा था, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद लोगों का पैसा उन पर खर्च किया जा रहा है।' रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को 'वोट बैंक की भूखी' पार्टी करार देते हुए फिर आरोप लगाया कि वह देश में धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करना चाहती है। मोदी ने यह दावा भी किया, 'कांग्रेस हमारे बहादुर सुरक्षा बलों का अपमान करती है। आतंकवादियों के मारे जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आंसू बहाते हैं। ऐसे कृत्यों के कारण कांग्रेस ने देश का भरोसा खो दिया है।'

**यह है पूरा बयान और पित्रोदा की सफाई**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा, 'अमेरिका में विरासत कर लगता है। अगर 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति वाले किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो इसमें से केवल 45 फीसदी उसके बच्चों को मिल सकता है। शेष 55 प्रतिशत संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। भारत में ऐसा कानून नहीं है। 3लोगों को ऐसे मुद्दों पर चर्चा करनी होगी।' बयान पर घमासान मचने के बाद पित्रोदा ने 'एक्स' पर कहा, 'एक व्यक्ति के रूप में मैंने जो कहा, उसे 'गोदी मीडिया' ने तोड़-मरोड़ कर पेश किया ताकि प्रधानमंत्री कांग्रेस के घोषणापत्र के बारे में जो झूठ फैला रहे हैं, उससे ध्यान भटका सकें। मैंने सामान्य बातचीत में केवल एक उदाहरण के रूप में उल्लेख किया था। इसका कांग्रेस सहित किसी भी पार्टी की नीति से कोई लेना-देना नहीं है। किसने कहा कि भारत में ऐसा कुछ किया जाना चाहिए? भाजपा और मीडिया दहशत में क्यों है?'रण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं। यह पुरस्कार हर साल उस व्यक्ति को दिया जाता है जिसने राष्ट्र, उसके लोगों और समाज के प्रति अग्रणी योगदान दिया हो। पीएम नरेन्द्र मोदी इसके पहले प्राप्तकर्ता थे।

# सुप्रीम कोर्ट में याचिका : चुनावी बॉन्ड योजना की हो एसआईटी जांच



नयी दिल्ली, (एजेंसी)चुनावी बॉन्ड योजना की एसआईटी जांच की मांग संबंधी याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गयी है। इसमें राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट घरानों के बीच घपलेबाजी का आरोप लगाया गया है।

वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से दायर याचिका में अधिकारियों को विभिन्न राजनीतिक दलों को 'मुखौटा कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' की ओर से दिये गये चंदे के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' द्वारा दायर याचिका में इसे 'घोटाला' करार देते हुए अधिकारियों को 'शेल कंपनियों और घाटे में चल रही कंपनियों' के वित्त पोषण के स्रोत की जांच करने का निर्देश देने की मांग की गई है, जिन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा दिया था। याचिका में अधिकारियों को यह निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है कि कंपनियों द्वारा राजनीतिक दलों को 'लेन-देन व्यवस्था' के तहत चंदे में दी गई रकम को वसूला जाए। इसमें कहा गया है, '2जी या कोयला घोटाले के विपरीत, जहां स्पेक्ट्रम और कोयला खदानों पट्टों का आवंटन मनमाने ढंग से किया गया था, चुनावी बॉन्ड घोटाले में धन के लेन-देन का सबूत है।'

# कोई ताकत नहीं रोक सकती जाति जनगणना : राहुल

## बोले- कांग्रेस के घोषणापत्र से घबरा गए मोदी



नयी दिल्ली, (एजेंसी) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जो अपने आप को देशभक्त कहते हैं वे 90 प्रतिशत लोगों के लिए 'न्याय' सुनिश्चित करने वाली जाति आधारित जनगणना के 'एक्सरे' के विरोध में खड़े हो गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना को कोई ताकत नहीं रोक सकती। उन्होंने यहां 'समृद्ध भारत' नामक संगठन की ओर से आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी के लिए न्याय मेरी जिंदगी का मिशन बन गया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी उनकी पार्टी के 'क्रांतिकारी' घोषणापत्र से घबरा गए हैं। राहुल ने कहा, 'मैंने सिर्फकहा कि यह पता लगाएंगे कि कितना अन्याय हो रहा है।' राहुल ने कहा कि जब उन्होंने सिर्फयह कहा कि पता करते हैं कितना अन्याय है तो यह सारे के सारे खड़े हो गए और कहने लगे कि देश को तोड़ने और बांटने की कोशिश हो रही है। उन्होंने पूछा कि एक्सरे से क्या बंटेगा? फिर उन्होंने खुद ही जवाब देते हुए कहा कि इससे तो 90 प्रतिशत लोगों को पता चलेगा कि उनकी भागीदारी कितनी है। कांग्रेस नेता ने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के लोग अपने आप को देशभक्त कहते हैं लेकिन जातिगत जनगणना के 'एक्सरे' से डरते हैं। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर प्रहार करते हुए कहा, 'मोदी ने देश से 10 साल कहा कि वह ओबीसी हैं। जैसे ही मैंने जाति आधारित जनगणना और एक एक्सरे की बात की तो नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि जाति ही नहीं होती है। अगर जाति नहीं है तो आप ओबीसी कैसे हैं? आपको उसी समय कहना चाहिए था कि मेरी कोई जाति नहीं है।' राहुल ने कहा कि अगर आप महाशक्ति बनना चाहते हैं, चीन से मुकाबला करना चाहते हैं तो 90 प्रतिशत लोगों की शक्ति का इस्तेमाल तो करना पड़ेगा।

# माओवादियों का वायनाड में चुनाव बहिष्कार का आह्वान








वायनाड, (एजेंसी) केरल में वायनाड जिले के थलप्पुझा पुलिस थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह संदिग्ध हथियारबंद माओवादियों का चार सदस्यीय समूह पहुंचा और वहां के लोगों से 26 अप्रैल के लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने को कहा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि वहां माओवादियों के पहुंचने की सूचना मिलने के बाद कई पुलिसकर्मी कंबामाला पहुंचे, लेकिन उन्होंने इस बारे में अधिक जानकारी साझा नहीं की। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे माओवादी उनके क्षेत्र में पहुंचे और नारे लगाए। उन्होंने बताया कि माओवादियों ने लोगों से मतदान का बहिष्कार करने को भी कहा। स्थानीयों ने बताया कि नक्सली वर्दी में थे और उनके पास बंदूकें थीं। वे करीब 20 मिनट तक वहां रुके थे। बाद में माओवादियों का बातचीत का कथित वीडियो सामने आया।

अमरोहा में बुधवार को रालोद नेता जयंत चौधरी की जनसभा में पहुंचे लोग। जयंत भाजपा प्रत्याशी का प्रचार करने आए थे। दृ प्रेट्र

**कन्नौज से आज नामांकन दाखिल करेंगे अखिलेश यादव**

लखनऊ :समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को कन्नौज लोकसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सपा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार शाम इसकी जानकारी दी। इससे पहले जब अखिलेश से पूछा गया था कि कन्नौज से मौजूदा सपा प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह ही चुनाव लड़ेंगे या वह खुद भी लड़ सकते हैं, तो उन्होंने कहा, 'देखिए3 जब नामांकन होगा तो आपको खुद पता लग जाएगा और हो सकता है कि नामांकन से पहले ही आपको जानकारी मिल जाए।' इससे पहले मैनपुरी से पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव को यहां से उम्मीदवार बनाया गया था। वर्ष 2014 से 2019 तक मैनपुरी से सांसद रहे तेज प्रताप बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भतीजे हैं।

**राजकुमार चौहान का कांग्रेस से इस्तीफा**

नयी दिल्ली : दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजकुमार चौहान ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। गत रविवार को कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया के साथ उनकी कहासुनी हुई थी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति ने मंगलवार को एक बैठक की थी और चौहान के खिलाफशिकायत पर कोई भी कार्रवाई करने का फैसला एआईसीसी पर छोड़ दिया था। चौहान ने एक बार पहले कांग्रेस छोड़ी थी और भाजपा में शामिल हो गए थे।

**भाषण के दौरान बेहोश हुए गडकरी**

यवतमाल :: केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को पूर्वी महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक चुनावी रैली में भाषण के दौरान बेहोश हो गये। भाजपा के वरिष्ठ नेता गडकरी पुसाद में चुनाव प्रचार कर रहे थे, जो यवतमाल-वाशिम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गडकरी जैसे ही बेहोश हुए उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मी उन्हें मंच से बाहर ले गए। हालांकि, केंद्रीय मंत्री कुछ मिनट बाद ठीक हो गए और उन्होंने अपना भाषण पूरा किया। गडकरी (66) ने 'एक्स' पर इस घटना की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में कहा, 'महाराष्ट्र के पुसाद में एक चुनावी रैली में गर्मी के कारण बेचैनी महसूस हुई। लेकिन, अब मैं पूरी तरह ठीक हूं और अगली रैली में हिस्सा लेने के लिए वरुड जा रहा हूं।'

# प्रचार का शोर थमा, 89 सीटों पर मतदान कल

## लोकसभा चुनाव दूसरा चरण



नयी दिल्ली, (एजेंसी) लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान बुधवार शाम को थम गया। इस चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर मतदान होगा। सात चरण में हो रहे चुनाव के पहले चरण में पिछले शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर लगभग 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में केरल की सभी 20, कर्नाटक की 28 में से 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र व उत्तर प्रदेश की 8-8, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5-5, छत्तीसगढ़ व पश्चिम बंगाल की 3-3, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर की 1-1 सीट पर मतदान होगा।

इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर (तिरुवनंतपुरम), भाजपा के तेजस्वी सूर्या (बेंगलुरु दक्षिण), हेमा मालिनी (मथुरा), अरुण गोविल (मेरठ), कांग्रेस नेता राहुल गांधी (वायनाड), शशि थरूर (तिरुवनंतपुरम) और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी (मांड्या) भी शामिल हैं।

साल 2019 में, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने इन 89 में से 56 जबकि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने 24 सीट जीती थीं, इनमें से 6 सीट पर परिसीमन हुआ है। इन निर्वाचन क्षेत्रों के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि मतदान से 48 घंटे पहले कोई भी बाहरी व्यक्ति इन क्षेत्रों में न रहे। 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 94 सीट पर मतदान होगा।

# हरियाणा के कलेसर में चार बांधों के निर्माण पर रोक

## वन्यजीव अभयारण्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से मांगा जवाब



नयी दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हरियाणा के यमुनानगर जिले में कलेसर वन्यजीव अभयारण्य के अंदर चार प्रस्तावित बांधों के निर्माण पर रोक लगा दी। एडवोकेट गौरव बंसल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने केंद्र और हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

बंसल ने कलेसर वन्यजीव अभयारण्य के भीतर चार बांधों- चिकन, कांसली, खिल्लनवाला और अंबावली के निर्माण को चुनौती दी है। कहा गया कि इससे क्षेत्र में वनस्पतियों और जीवों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने कहा, 'अदालत के कोई निर्देश से पहले बांधों के निर्माण के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।'

पीठ ने कहा कि बांधों का निर्माण न केवल वन्यजीवों और आबादी के लिए, बल्कि कलेसर में पारिस्थितिकी तंत्र के लिए भी हानिकारक है। पीठ में जस्टिस संदीप मेहता भी शामिल हैं। एडवोकेट बंसल ने दलील दी कि नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ ने भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) की रिपोर्ट का संज्ञान लिए बिना वन्यजीव अभयारण्य के अंदर बांध बनाने की अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूआईआई ने 'कलेसर वन्यजीव अभयारण्य, हरियाणा में प्रस्तावित छोटे बांधों की व्यवहार्यता' के अध्ययन रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रस्तावित बांध से यहां की जैव विविधता पर असर पड़ेगा। हरियाणा के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन्यजीव वार्डन के एक पत्र का हवाला देते हुए, बंसल ने कहा कि विभिन्न वन्य प्रजातियों के मौजूदा पैटर्न पर इसका असर पड़ेगा।

**13209 एकड़ क्षेत्र और कई खूबियां**

13 दिसंबर, 1996 को अधिसूचित कलेसर वन्यजीव अभयारण्य 13209 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। शिवालिक पर्वतमाला की तलहटी में स्थित इसकी सीमा उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से लगती है। पूरा क्षेत्र जैव विविधता से भरा हुआ है। यहां घने साल, खैर के जंगल हैं। राजाजी राष्ट्रीय उद्यान से बाघ और हाथी यहां आते हैं। वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों में मॉनिटर छिपकली, ग्रे-हुडेड वार्बलर, किंग कोबरा, क्रेस्टेड सर्पेंट ईगल, पायथन, चीतल, सांभर, बार्किंग डियर, ब्लू मैगपाई और तेंदुआ शामिल हैं।

# हम चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकते :सुप्रीम कोर्ट

## वीवीपैट से वोटों के मिलान का मामला



नयी दिल्ली, ईवीएम के जरिये डाले गए वोटों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) से मिलान के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने आश्चर्य जताते हुए पूछा कि केवल संदेह के आधार पर वीवीपैट के साथ ईवीएम का उपयोग करके डाले गए वोटों के 100: क्रॉस-सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं पर आदेश कैसे जारी कर सकते हैं?

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, 'क्या हम संदेह के आधार पर परमादेश जारी कर सकते हैं? जिस रिपोर्ट पर आप भरोसा कर रहे हैं वह कहती है कि अभी तक हैकिंग की कोई घटना नहीं हुई है। हम किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकरण (चुनाव आयोग) के नियंत्रक प्राधिकारी नहीं हैं। हम चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकते।' यहां उल्लेखनीय है कि वीवीपैट एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली है जो मतदाता को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उसका वोट सही तरीके से डाला गया है या नहीं। प्रणाली के जरिये वोट के बाद निकली पर्ची को मतदाता देख सकता है। इसे सीलबंद लिफाफे में रखा जाता है और विवाद की स्थिति में इसे खोला जा सकता है। याचिकाकर्ता ने वीवीपैट मशीनों पर पारदर्शी ग्लास को अपारदर्शी से बदलने के चुनाव आयोग के 2017 के फैसले को उलटने की भी मांग की है, जिसके माध्यम से एक मतदाता केवल सात सेकंड के लिए प्रकाश चालू होने पर ही पर्ची देख सकता है।

**फैसला सुरक्षित रखने के 6 दिन बाद फिर बुलाया अधिकारी को**

संबंधित याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखने के छह दिन बाद बेंच ने बुधवार को कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण के लिए चुनाव आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को फिर से बुलाया। अधिकारी ने बेंच को बताया कि मशीनों में स्थापित माइक्रो-कंट्रोलर को बदला नहीं जा सकता।

**मतपत्र पर वापस जाने का सवाल ही नहीं उठता**

पीठ ने कहा कि वह ईवीएम प्रणाली को मजबूत करने के लिए निर्देश जारी करने पर विचार करेगी क्योंकि मतपत्र पर वापस जाने का सवाल ही नहीं उठता। गौर हो कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील प्रशांत भूषण ने ईवीएम पर संदेह जताया है। सुप्रीम कोर्ट ने गत 18 अप्रैल को याचिकाकर्ताओं से कहा था, 'हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता।'

## एक नजर..

## निष्पक्ष, पारदर्शी ,सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से प्रेक्षक आर लथा की उपस्थिति



युरेशिया संवाददाता

बागपत । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी ,सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से प्रेक्षक आर लथा की उपस्थिति में आज जिला मजिस्ट्रेट/ जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने पुलिस लाइन में 11 बागपत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए जनपद के 979 मत दे स्थलों पर 26 अप्रैल को होने वाले 7:00 बजे से लेकर 6: 00बजे के मतदान के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि निर्वाचन के समय और आपदा के समय अधिकारियों की सत्य निष्ठा ईमानदारी ड्यूटी के दायित्व का पता लगता है आपको जो भी जिम्मेदारी मिली है उसका शत प्रतिशत अनुपालन करें और बागपत के निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने में अपना योगदान दें।

## जवाहरपुर मेवला गांव में हुआ हनुमान चालीसा का पाठ



विपुल जैन। युरेशिया

बागपत। समाज सुधार सेवा समिति जवाहरपुर मेवला द्वारा जवाहरपुर मेवला गांव के शिव मंदिर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

इसमें गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विधि- विधान के साथ भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की। पूरा वातावरण भगवान श्री राम व भगवान हनुमान के जयघोष से गूंज उठा।

अंत में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पर भाजपा किसान मोर्चा देहात मंडल अध्यक्ष सुनील मेवला राकेश आर्य प्रशांत गुर्जर प्रवेश मेवला जसराज सिंह अजय पाल वरुण मुंडेल सागर गुर्जर अभिषेक अंशुल विवेक गुर्जर सोनू इशांत अक्की गुर्जर अरुण निशांत मुंडेल अमन रजत अर्जुन लक्ष्य लोकेश विक्की मयंक पारस अंशुल आदि मौजूद रहे।

# डॉ राजकुमार सांगवान को भारी बहुमत से बनाये विजयी, सुभाष गर्ग

नीलकंठ/ युरेशिया



बड़ौत। भाजपा रालोद के संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागवान को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए राजस्थान सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक डॉ सुभाष गर्ग, वैश्य व्यापारी वर्ग के वरिष्ठ नेता भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ योगेश जिन्दल के निवास पर पहुंच कर,वैश्य व्यापारी वर्ग के लोगो के बीच आव्हान करते हुए, भाजपा और रालोद के संयुक्त प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

उन्होंने कहा कि शिक्षित, अनुभवी और व्यवहार कुशल प्रत्याशी हैं। डॉ राजकुमार सागवान। इस मौके पर वैश्य व्यापारी नेता डॉ योगेश जिन्दल ने उनको आश्वस्त किया कि संयुक्त प्रत्याशी डॉ राजकुमार सागवान की जीत अभूतपूर्व होगी।वहीं भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने भी डॉ सांगवान की जीत के प्रति उनको आश्वस्त किया।

इस अवसर पर व्यापारी नेता डॉ योगेश जिन्दल, सुरेन्द्र मित्तल, मनोज गोयल चांद, प्रदीप गुप्ता, महावीर जैन, अनुज जैन, रोबिन गोयल, सन्दीप जैन महेन्द्र गोयल, ओपी गुप्ता, सचिन गुप्ता, मनोज जैन, ललित जैन, संजय गुप्ता, सुभाष अग्रवाल, राममोहन गुप्ता, अंकुर जिन्दल आदि उपस्थित रहे।

# अपने वोट से चुनें सम्मानित जनप्रतिनिधि,राकेश कुमार जैन

### चुनाव के चक्कर में ना करे आपसी मतभेद



युरेशिया संवाददाता

बागपत। लोकसभा चुनाव में हमारा एक-एक वोट कीमती है। हम सभी बहन-भाई मिलकर अपने वोट से एक अच्छी और सम्मानित सरकार बनाना चाहते हैं। दूसरे चरण का चुनाव 26 अप्रैल को होना है। हम सभी को पहले मतदान करना है। और फिर जलपान करना है। वहीं हम सभी को ऐसे जनप्रतिनिधि का चुनाव करना है,जो जनता का सेवक बन सकें और जनता के हित में काम करें,जो क्षेत्र के विकास में अपना पूरा योगदान दे। कोई भी मतदाता वोट डालने में कोई गलती न करे क्योंकि हमारा एक-एक वोट बहुत कीमती है। कोई भी व्यक्ति अपने वोट का प्रयोग करने से वंचित न रहे। मेरा क्षेत्र के सभी सम्मानित निवासियों से अनुरोध है कि वे एकजुट होकर बुजुर्गों और दिव्यांगों को मतदान के लिए प्रेरित करें,।

# गौना के राजकीय विद्यालय में मेवाधी छात्राओं को किया गया सम्मानित














धर्मपाल सैनी /युरेशिया




गौना की राजकीय विद्यालय में मेवाधी छात्राओं को सम्मानित किया गया इस मौके पर बोलते हुए प्रधानाचार्य ज्वाला प्रसाद ने कहा मेहनत के बल पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता हैस

गौना की राजकीय विद्यालय में हाई स्कूल में पपरचम लहराने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया शनिवार को हाई स्कूल का परिणाम घोषित किया गया था जिसमें नैना पुत्री सुशील त्यागी 90: आयुषी पुत्री संजय 85: रिया पुत्री सुनील त्यागी 84: अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया इसके बाद बुधवार को राजकीय विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मेवाधी छात्रों को सम्मानित किया गया इस मौके पर बोलते हुए प्रधानाचार्य ज्वाला प्रसाद ने कहा मेहनत के बल पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है उन्होंने कहा आज बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां लगातार आगे बढ़ रही हैं इस मौके पर रूबी,भावना, लक्ष्मी, नूतन, आशु,मोनिका, ने भी सहयोग किया

## शिव शक्ति धाम मंदिर कलक्ट्रेट में हुआ सुंदरकांड का पाठ

विपुल जैन। युरेशिया



बागपत। शिव शक्ति धाम मंदिर कलक्ट्रेट कॉलोनी में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस मौके पर सुंदरकांड का पाठ हुआ, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। उन्होंने विधि- विधान के साथ भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। सुंदरकांड का पाठ किया गया। पंडित अनिल त्रिपाठी ने मंत्रोचार द्वारा विधि-विधान के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया। प्रमुख समाजसेवी संजीव कुमार ने कहा कि भगवान हनुमान की लीला अपरंपार है, जो भी भक्त सच्चे मन से उनकी पूजा अर्चना करता है तो उनकी सब मनोकामना पूर्ण हो जाती है। सभी को नियमित भगवान हनुमान व भगवान राम के नाम का जप तप करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# फर्जी किन्नर बनकर बधाई के नाम पर पैसा मांगते युवक को किन्नरो ने पकड़कर धुनाई कर डाली

विकास शर्मा /युरेशिया



नकुड। कस्बे में फर्जी किन्नर बनकर बधाई के नाम पर पैसा मांगते युवक को किन्नरो ने पकड़कर धुनाई कर डाली। कस्बे में फर्जी किन्नर बनकर बधाई के नाम पर पैसा मांगने व व्यापारीयों को परेशान करने वाले युवक को किन्नरो ने पकड़ लिया। काफी हंगामे के बाद युवक के माफी मांगने व भविष्य में कभी ऐसी गलती नहीं करने के आश्वासन पर युवक को छोड़ गया। गुरु सोनिया किन्नर ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस प्रकार के किसी भी व्यक्ति को कोई भी बधाई के नाम पर कोई पैसे ना दे। उधर बस स्टैंड व्यापारियों का कहना था कि उक्त व्यक्ति विगत कई दिनों से दुकानदारों को परेशान कर रहा था। जिसकी शिकायत उन्होंने किन्नर समाज से की। सोनिया किन्नर ने अपने साथियों के साथ युवक को बस स्टैंड पर पकड़ कर जमकर क्लास लगाई। युवक द्वारा भविष्य में ऐसा न करने पर उसको छोड़ा। मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक बार फिर नगर में चोरों ने अपना आतंक मचाते हुए पुलिस प्रशासन के दावों की पोल खोल दी

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़। एक बार फिर नगर में चोरों ने अपना आतंक मचाते हुए पुलिस प्रशासन के दावों की पोल खोल दी। मात्र दो दिनों में तीन चोरियों अंजाम देकर जनता में खौफका माहौल पैदा कर दिया। बीती रात चोरों ने कस्बे के बीचों बीच मौहल्ला बंजारान स्तिथ लक्कड़ वाली मस्जिद के निकट मुकीम पुत्र मकसूद की दुकान का शटर तोड़कर करीब पच्चीस हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया है। सुबह को जब चोरी की बाबत दुकान स्वामी को जानकारी मिली तो वह रोता बिलखता हुआ मौके पर पहुंचा। तथा पुलिस को चोरी की बाबत बताया। वहीं एक दिन पूर्व भी नगर के पीपलतला स्थित मौहल्ला अफगानान निवासी शिवलाल की बाईक चोरी कर ली गई। जिसकी सूचना पुलिस दी गई। परन्तु बाइक का कुछ पता नहीं चल सका। इतना ही नहीं नगर के भरे बाजार से बंजारा राइस स्टोर स्वामी फरहान बंजारा की काले रंग की साइकिल चोरी की गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिससे व्यापारियों में चोरी की सूचना से दहशत का माहौल है। दो दिनों के अंदर तीन चोरी की घटनाओं से जहां पुलिस प्रशासन के पैदल गश्त व दुपहिया वाहन गश्त की पोल खुल गई। नगर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में पुलिस प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है

# थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 2 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस तथा 01 तमंचा 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस बरामद




प्रदीप धीमान / युरेशिया


सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण हेतु अवैध शस्त्र एवं इनके कारोबार में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ढमोला नाला पटरी मंदिर के सामने से 02 अभियुक्त केशव सिंघल पुत्र बिजेन्द्र सिंघल नि0 मकान मालिक विजेन्द्र कुमार म0न0 209 बी लेन न0 23 नियर एनसीआर पैराडईज टर्नर रोड कलेमेंट टाऊन देहरादून उत्तराखंड को एक नाजायज तमन्चा 12 बोर मय एक जिंदा कारतूस तथा करन उर्फ साहिल बाटला पुत्र विनोद बाटला नि0 शहंशाह डेयरी वाली गली नवाबगंज चौक थाना कोतवाली नगर जनपद सहारनपुर को एक नाजायज तमन्चा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 88 / 24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम केशव सिंघल व करन उर्फसाहिल बाटला पंजीकृत किया गया। उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- उ0नि0 रविन्द्र धामा, का0 कपिल कुमार, का0 तरुण शर्मा शामिल रहे।






## संपादकीय

### सेहत सुरक्षा-कवच
### बीमे की आयु सीमा हटाना सार्थक पहल


संजय त्यागी 'महादेव'

भारत जैसे देश में जहां सेवानिवृत्त लोगों व बुजुर्गों के लिये पश्चिमी देशों की तरह चिकित्सा सुविधाओं का कवच नहीं है, वहां लोगों की अंतिम उम्मीद खुद खरीदी गई बीमा पॉलिसियों पर टिक जाती है। लेकिन बीमा कंपनियों के निरंकुश व्यवहार और उपचार के बाद बिलों के भुगतान में किंतु–परंतु के चलते वृद्धों को यह भरोसा नहीं होता कि बीमा कंपनियां उनके उपचार का पूरा पैसा उपलब्ध करा देंगी। बहरहाल, स्वास्थ्य सेवा तंत्र को अधिक समावेशी और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण यानी आईआरडीएआई ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले व्यक्तियों के लिये 65 वर्ष की आयु सीमा को हटा दिया है। हाल ही में एक अधिसूचना में बीमा नियामक ने बीमाकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे सभी आयु समूहों के लिये उपयोगी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करें। अकसर देखा गया है कि बीमा कंपनियां व एजेंट अधिक उम्र वाले लोगों को तब जीवन रक्षक पॉलिसी देने से मना कर देते हैं जब उनको इसकी जरूरत होती है। इतनी ही नहीं कंपनी के हित में बनायी गई पुरानी नीतियों के आधार पर कई दावों को खारिज कर दिया जाता है। बीमा नियामक द्वारा बीमा कंपनियों को पहले से निर्धारित स्थितियों के आधार पर दावों को खारिज करने से रोका गया है। बीमा नियामक ने कहा है कि बीमाकर्ता अब कैंसर, हृदय रोग व गुर्दे के काम न करने पर, एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से इनकार नहीं कर सकते। निश्चित रूप से यह तार्किक स्थिति है कि सेवानिवृत्ति के बाद आय के साधन सिमटने, शरीर द्वारा साथ न देने व अपनों का साथ छूटने से लाचार व्यक्ति को उपचार के लिये अब चिकित्सा बीमा कवच मिल सकेगा। निस्संदेह, इस तरह के कई गंभीर रोगों से ग्रस्त लोग चिकित्सा बीमा न मिल पाने की स्थिति में गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। कोरोना संकट के दौरान कई परिवारों के गरीबी के दुश्चक्र में फंसने के मामले सामने आए हैं।

निश्चित रूप से बीमा नियामक की यह पहल वक्त की जरूरत के हिसाब से एक कल्याणकारी व्यवस्था की तरफबढ़ा कदम है। यदि बुजुर्गों को बीमा सुविधा मिलने लगेगी तो वे अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के झटकों को झेलने के लिये पहले से ही बेहतर तैयारी कर सकते हैं। निश्चित रूप से यह सुविधा उस देश के लिये बदलावकारी हो सकती है जहां कि युवा आबादी बुजुर्ग आबादी की दिशा में बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार वर्ष 2050 तक वरिष्ठ नागरिकों की संख्या देश की कुल आबादी की बीस प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है। ऐसे में बेहतर जीवन प्रत्याशा हेतु और महिलाओं की सेहत हेतु स्वास्थ्य बीमा का खासा प्रभाव हो सकता है। लेकिन इस बात में दो राय नहीं कि बीमा उत्पादों को उपभोक्ता–अनुकूल बनाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, आम उपभोक्ता शब्दजाल और बीमा पॉलिसियों की जटिलताओं के कारण बीमा उत्पादों को खरीदने से संकोच करते हैं। कई अस्पष्टताएं व किंतु–परंतु पॉलिसीधारक के मन में संदेह और अनिश्चितता उत्पन्न करते हैं। वहीं दूसरी तरफलाभों व जोखिमों के बारे में गलत सूचना या अपर्याप्त जानकारी उपभोक्ताओं के शोषण व परेशानी का सबब बनती है। इसलिए जरूरी है कि ग्राहकों का विश्वास हासिल करने के लिये पारदर्शी व परेशानी मुक्त दावा निपटान की व्यवस्था हो। इसके साथ ही बीमा भुगतान से जुड़ी धांधलियों पर अंकुश लगाने के लिए मजबूत तंत्र बनाया जाए। वर्ष 2023 में किये गए एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग साठ फीसदी भारतीय बीमा कंपनियों में धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। खासकर जीवन और स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में। जिसके नियमन के लिये– झूठे दावे करने, प्रदान की गई सेवाओं के लिये शुल्क बढ़ाने और चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक सेवाओं के लिये बिलिंग करना जैसी अनियमितताओं पर अंकुश लगाने की जरूरत है। जिसके लिये एक कुशल निगरानी तंत्र बनाना भी आवश्यक है। वहीं झूठे दावे करना, प्रदान की गई सेवाओं के लिए शुल्क बढ़ाना और चिकित्सकीय रूप से अनावश्यक सेवाओं के लिए बिलिंग करना जैसी गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए सख्त निगरानी की आवश्यकता है।

## तिरछी नजर

### होई है सोई जो घरवाली रचि राखा

**शमीम शर्मा**

महिलाओं द्वारा बोला जाने वाला सबसे बड़ा झूठ यह है कि वे बात–बात में कह देती हैं कि इनसे पूछना पड़ेगा जबकि सब जानते हैं कि घरों में चलती किस की है। होई है सोई जो घरवाली रचि राखा, क्यूं करै तर्क बढ़ावै साका। बाहर भले ही मर्द तुर्रम खां बनते हों पर घर में पत्ता नहीं हिला सकते। या यूं कहो कि वे घर आकर अखबार और टीवी में इतने मग्न हो जाते हैं कि पत्ता हिलाने का ख्याल तक नहीं आता। खैर, यह शोध का विषय है कि 'वोट किसे देंगी' सवाल पर महिलाएं यह क्यों कहती हैं कि इनसे पूछना पड़ेगा, इसमें कितनी सच्चाई है।

वोट के बारे में महिलाएं किससे पूछती हैं इस बात का तो किसी को पक्का पता नहीं पर नेताओं को तो अब सारी जनता जनार्दन से पूछना पड़ेगा कि वे किसे वोट देंगे। हम पायेंगे कि लोग जरा भी आभास नहीं होने देंगे कि उनका रुझान किधर है। वे औरतें भी टस से मस नहीं होंगी जिनके पेट में कोई बात नहीं पचती, चाहे पेट में कितना ही बड़ा गोला उछल रहा हो।

इस तथ्य का किसी को पक्का नहीं पता कि महिलाएं अपनी पसन्द पर वोट देती हैं या पति अथवा पिता की हिदायत के अनुसार। गांवों में तो आज भी नवयुवतियां अपने जीवनसाथी के चुनाव पर राय नहीं दे सकती, वोट की बात तो कोसों दूर है। घर का मुखिया व्हिप जारी कर देता है और सब उसका अनुसरण करते हैं। यह कोई प्रेम–विवाह नहीं होता कि घर के मुखिया के खिलाफजाने की सोचें और मुखिया कहे– जाना है तो जाओ मनाएंगे नहीं, नखरे किसी के उठाएंगे नहीं। पर राजनेता अपने वोटर को इस तरह की चेतावनी देने का जोखिम नहीं उठा सकते। वे तो हाथ–पैर जोड़कर, भुला–चपरा कर, मीठी गोलियां लुटाकर और आखिर में नोट–दारू से ललचाकर जैसे–तैसे अपने हक में बटन दबवाने की लाख कोशिश करते हैं। यह सुख और मान–मनुहार तो श्रीकृष्ण की गोपियों को भी नहीं मिलता होगा।

एक बर की बात है अक नत्थू अर रामप्यारी मैं इस बात नैं लेकै तकरार होगी अक अपणे छोरे नैं आप्पां डाक्टर बणावांगे अक इंजीनियर। नत्थू के जी मैं थी अक छोरा डाक्टरी की पढाई करकै गांव मैं क्लिनिक खोल्लैगा तो नोट बरसैंगे। रामप्यारी सोच्या करती अक छोरा इंजीनियर बण ग्या तो सीधा अमरीका मैं ए धूम मचा देगा। दोनुआं मैं इसे मुद्दे पै जूतमजूत होगी तो पड़ौसी कट्ठे होगे अर बात का निपटारा करण की मारी बोल्ले– छोरा कित है, थम उसतैं बुलाकै बूझ ल्यो अक वो के बणैगा? नत्थू गुस्से मैं बोल्या– बूझ तो जद ल्यूं ना जद वो हो, इब्बे तो वो पैदा होणा है।






# अब मालदीव से सतर्क रहने का वक्त

**पुष्परंजन**



मोहम्मद मुइज्जू ने चुनाव परिणाम को 'सुपर मेजोरिटी' कहा है। दो लाख 84 हजार 887 मालदीवियन वोटरों में से 84.14 फीसद ने संसदीय चुनाव में हिस्सा लिया था। मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने संसद की 93 सीटों में से 71 पर फतह की है। पीएनसी के पास अपने गठबंधन दलों के साथ कुल मिलाकर 75 सीटें हैं, जबकि मुख्य विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) पहले की 65 सीटों से घटकर केवल 12 सीटों पर रह गई है। पीएनसी ने 90 प्रत्याशी उतारे थे, जबकि एमडीपी ने 89 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव लड़ा। 130 स्वतंत्र उम्मीदवारों से अलहदा जम्हूरी पार्टी (जेपी) के 10 और डेमोक्रेट्स के 39 कैंडिडेट्स थे।

जीत–हार का फासला सुनकर हैरान होइएगा। पचास–सौ वोट से भारत के किसी गली–मोहल्ले और हाउसिंग सोसायटी चुनाव में लोग हारते–जीतते हैं। दुनिया मॉमून मालदीव की विदेशमंत्री रह चुकी हैं। अहमद फारिस मॉमून उनके भाई हैं, जो कभी अर्थ मंत्रालय संभालते थे। पूर्व राष्ट्रपति मॉमून अब्दुल गयूम की दोनों संतानें इस बार चुनाव हार चुकी हैं। 1978 से 2008 तीस साल तक अखंड राज किया था मॉमून अब्दुल गयूम ने। उस कालखंड में इनकी संतानों के जलवे थे। जनमत की ताकत ने चमकते चांद को टूटा हुआ तारा बना डाला। यह बात सफलता के नशे में चूर राष्ट्रपति मुइज्जू की समझ में शायद देर से आये।

अभी सबको यही लग रहा है कि मुइज्जू ने 'इंडिया आउट' का जो नारा दिया था, उसका असर संसदीय चुनाव पर भी पड़ा है। बेशक पड़ा होगा। लेकिन अमेरिकी फैक्टर सबकी आंखों से ओझल है। इस परिणाम से अमेरिका को भी झटका लगा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि हमने चुनाव परिणामों पर बारीकी से नजर रखी है। हमें यह सुनकर खुशी हुई कि पर्यवेक्षकों ने कोई बड़ा मुद्दा या अनियमितता नहीं बताई है और नतीजे लोगों की इच्छा के अनुरूप हैं। हिंद–प्रशांत में क्षेत्रीय प्रभाव को विस्तार देने और चीन को बेअसर करने के लिए अमेरिका ने 2023 में माले में दूतावास खोला था। यों, अमेरिका ने मालदीव की स्वतंत्रता के बाद 1966 में उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक साझेदारी को विस्तार देने के मकसद से अमेरिका ने सितंबर, 2020 में मालदीव से सुरक्षा सहयोग पर हस्ताक्षर किए थे। तो क्या मालदीव में अमेरिकी रणनीति विफल हो गई? दिल्ली पर सवाल दरपेश करने से पहले इस पर भी विचार करने की आवश्यकता है।

मालदीव ने 1965 में इस्राइल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। उस समय इस्राइल, मालदीव को मान्यता देने वाला तीसरा देश था, और इस्राइली राजदूत मालदीव के राष्ट्रपति को अपना प्रत्यय पत्र प्रस्तुत करने वाले पहले कूटनीतिक थे। 2009 में राष्ट्रपति मोहम्मद नाशीद के नेतृत्व में मालदीव ने इस्राइल के साथ पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। मालदीव इस्राइली पर्यटकों के बीच लोकप्रिय डेस्टिनेशन रहा है। लेकिन गाजा युद्ध के बाद सब कुछ बदल गया।

वर्ष 2023 में फलस्तीन के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मालदीव में 'इस्राइल आउट' जैसे प्रदर्शन आयोजित किये गये। मालदीव के सांसद सऊद हुसैन ने इस्राइली पासपोर्ट धारकों को देश में आने पर प्रतिबंध लगाने के लिए संसद में एक प्रस्ताव पेश किया था। साथ में इस्राइली युद्ध का समर्थन करने वाली कंपनियों के बहिष्कार का आह्वान किया था। इन सबका फायदा मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) को इस बार के संसदीय चुनाव में मिला है। भारत ने जिस तरह नेतन्याहू के प्रति सहानुभूति दिखाई, उसने भी चुनाव प्रचार के समय पीपुल्स नेशनल कांग्रेस के लिए ईंधन का काम किया था। पीएनसी की विजय और मुख्य विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) की पराजय के पीछे पंचतंत्र की तरह कहानी के पीछे कहानियों के जाल बिछे हैं।

इस समय सबसे गद्गद चीन है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हम सफल संसदीय चुनावों के लिए मालदीव को बधाई देते हैं, और मालदीव के लोगों की पसंद का पूरा सम्मान करते हैं। हमें साझा भविष्य तय करना है। मालदीव के साथ काम करने को हम तैयार हैं।' अब जिस तरह मालदीवियन संसद 'मजलिस' में सुपर मेजोरिटी मुइज्जू की पार्टी को हासिल हुई है, चीन के सोये अरमान जग चुके हैं।

शिन्हुआ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय रणनीति अनुसंधान विभाग के निदेशक कियान फेंग ने कहा, 'चुनाव से पहले, विपक्षी दल ने संसद को नियंत्रित किया था, इसलिए मुइज्जू के राष्ट्रपति पद को काफी दबाव और चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। अब हासिल चुनावी जीत मुइज्जू को काफी मजबूत करती है, जो उनकी वर्तमान घरेलू और विदेशी नीतियों के सुचारु कार्यान्वयन के लिए फायदेमंद है।'

थिएनक्वांगछिंग चाइनिज अकादमी ऑफ सोशल साइंस में सीनियर रिसर्च फेलो हैं। उनके बयान पर गौर करें, तो चीनी मंशा साफहो जाती है। थिएनक्वांगछिंग ने कहा, 'आकार और जनसंख्या के मामले में एक छोटे राष्ट्र के रूप में मालदीव की प्राथमिक चिंताएं स्वतंत्रता बनाए रखना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। मालदीव में भारत की सैन्य उपस्थिति देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता के लिए ख़तरा है। मुइज्जू का अभियान आर्थिक विकास पर काफी हद तक केंद्रित है। यह चुनाव राष्ट्रपति के विकास एजेंडे के लिए जनता के समर्थन को दर्शाता है।'

मतलब साफहै कि चीनी बंदूक प्रेसिडेंट मुइज्जू के कंधे पर है। वो संसद में मालदीव के आर्थिक विकास के नाम पर 'वन बेल्ट रोड इनीशिएटिव' की कई सारी लंबित योजनाएं पास कराएंगे। संसद से रक्षा समझौतों की पुष्टि कराएंगे। इस इलाके में भारत के रणनीतिक असर को कैसे कम करना है, उसकी कवायद शुरू हो जाएगी। इसे काउंटर करने के लिए भारत को क्या करना चाहिए? यह सबसे बड़ा सवाल है। मालदीव भौगोलिक रूप से एक ओर अदन की खाड़ी और पश्चिमी हिंद महासागर के होर्मुज जलडमरूमध्य के चोकप्वाइंट पर टिका है, दूसरी ओर पूर्वी हिंद महासागर के मलक्का जलडमरूमध्य के चोकप्वाइंट के बीच एक 'टोल गेट' की तरह अवस्थित है। ऐसे सामरिक महत्व के मुल्क की हम उपेक्षा भी नहीं कर सकते।

भारत और मालदीव के बीच 545 नॉटिकल माइल्स वाली समुद्री सीमा को एक द्विपक्षीय समझौते के माध्यम से सीमांकित किया गया था, जिस पर 28 दिसंबर, 1976 को हस्ताक्षर किए गए थे, और 8 जून, 1978 को लागू हुआ था। हमारी प्राथमिकता 'सतर्कता गई, दुर्घटना हुई' वाली स्थिति से बचने की होनी चाहिए। यों, भारत ने अपनी सैन्य क्षमता को उन्नत करने के लिए लक्षद्वीप द्वीप समूह में एक नया नौसैनिक अड्डा 'आईएनएस जटायु' स्थापित किया है। यह बेस मालदीव का निकटतम नौसैनिक अड्डा होगा। लेकिन, इसे काफी मत मानिये।

# रिसाइकिलिंग को लेकर जागरूकता से ही समाधान

**ज्ञानेन्द्र रावत**



दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थित कचरे के पहाड़ पर लगी आग फिलहाल बुझा दी गयी है। लेकिन अभी भी 40–50 छोटी–मोटी जगहों पर आग की लपटें बची हुई हैं। इसके धुएं से आसपास के हसनपुर, गाजीपुर, खोड़ा, चिल्ला गांव और मयूर विहार जैसे इलाकों में रहने वाले लोग आंखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत महसूस कर रहे हैं। वहीं इस कचरे की दुर्गंध तो बरसों से उनकी नियति बन चुकी है। जो लोग दिल के मरीज हैं, परेशानी के चलते घर छोड़कर रिश्तेदारों के यहां चले गये हैं।

आजकल चुनावी माहौल में राजधानी दिल्ली वायु प्रदूषण की मार सह रही है वहीं कूड़े के पहाड़ का मसला चर्चा का विषय बना हुआ है। अभी तक आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और एफएसएल की टीमें जांच कार्य में जुटी हैं। वहीं लैंडफिल साइट के प्रबंधन को लेकर दिल्ली नगर निगम की नीति पर लोगों ने सवाल जरूर खड़े किये हैं। उनका कहना है कि कचरे के पहाड़ पर आग हर महीने लगती रहती है लेकिन इसको नियंत्रित करने के कोई भी पुख्ता कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। हालांकि बीस सालों से कूड़े का पहाड़ खत्म करने के दावे किये जा रहे हैं लेकिन मसला जस का तस है। खमियाजा यहां रहने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है। इसका खातमा न हो पाने के पीछे कचरे का धीमी गति से उठान है।

कूड़े के पहाड़ के मामले में अभी तक दिल्ली और मुंबई महानगर सबसे ज्यादा चर्चित थे लेकिन अब गुरुग्राम ने भी इस सूची में नाम दर्ज करा लिया है। यहां बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर रोजाना फरीदाबाद और गुरुग्राम का 2300 टन कचरा पहुंच रहा है जहां तकरीबन 16 लाख टन कूड़ा पड़ा है। बीते 24 दिनों में यहां 13 बार आग लगने की घटनाएं हुईं। गत 23 अप्रैल की सुबह जो आग लगी उसके कई किलोमीटर तक फैले धुएं के चलते लोग आंखों में जलन से परेशान थे। लैंडफिल साइट के आसपास लोगों का रहना मुश्किल होता जा रहा है। यहां रहने वाले लोग बरसों से दिल, सांस, गले में खराश, दिमाग में सूजन आदि रोगों से परेशान हैं। खासतौर पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, हृदय और सांस के रोगियों के लिए यह स्थिति जानलेवा है। कचरे के पहाड़ पर लगी आग से वातावरण में घुल रहे धुएं पर उपराज्यपाल, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री और सुप्रीम कोर्ट तक ने संज्ञान लिया। निगमायुक्त, प्रमुख सचिव व दिल्ली सरकार से जबाव मांगा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत अपनी टिप्पणी में कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि राजधानी में प्रतिदिन निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का कानून के तहत उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है। खंडपीठ ने इसे स्तब्ध करने वाली बात कहा है कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 को लागू हुए आठ साल हो गये हैं लेकिन दिल्ली में इसका कोई पालन नहीं हो रहा है।

यदि पूरे देश के हालात का जायजा लें तो देश में हर साल 277 अरब किलो कचरा निकलता है। इसमें से केवल 70 फीसदी ही इकट्ठा किया जाता है। बाकी जमीन और पानी में फैला रहता है। इकट्ठा किये कचरे में से आधा या तो खुले में फेंक दिया जाता है या उसे जमीन में दबा दिया जाता है। देश में निकलने वाला कचरा इंडस्ट्रियल और म्युनिसिपल दो तरह का होता है। इंडस्ट्रियल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी उद्योगों और म्युनिसिपल कचरे के निपटान की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होती है। देश में कुल कचरे में से सिर्फ5वें हिस्से की रिसाइकिलिंग हो पाती है। जिस तरह कचरे की रिसाइकिलिंग होती है उससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

भारत में सबसे बड़े महानगर मुंबई और दिल्ली में खुले में कचरा फेंका जाता है। खुले में फेंके कचरे में भारी मात्रा में निकल, जिंक, आर्सेनिक, कांच, क्रोमियम और दूसरी जहरीली धातुएं होती हैं। देश में सालाना जितनी जहरीली मिथेन उत्सर्जित होती है, उसमें से 20 फीसदी सिर्फइन कचरे के ढेरों से निकलती हैं। वैसे आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी, तब ज्यादा तेज विकास के साथ कई गुणा कचरा बढ़ेगा। लेकिन सवाल है क्या हम उस स्थिति के लिए तैयार हैं। यदि अहमदाबाद, सूरत, नवी मुंबई, मैसूर और इंदौर की ही बात करें तो इन्होंने कचरा–संग्रह और उसके निपटान व स्वच्छता में एक विशिष्ट पहचान बनायी है। लेकिन क्या हमने इससे कुछ सीख ली है। ऐसी स्थिति में दिल्ली ही क्या, देश के हर शहर–कस्बे में कचरे के पहाड़ तेजी से बनेंगे। वे सुलगेंगे और लोगों की अनचाही मौत के कारण बनेंगे। उस दशा में आईपीसीसी की रिपोर्ट सही साबित हो जायेगी कि अगर यही रफ्तार रही तो 2050 में 3.4 गीगाटन कूड़ा–कचरा होगा जिसका निस्तारण हमारे सामर्थ्य से बाहर होगा।

असल में, कचरा प्रबंधन के मामले में हम दूसरे देशों के मुकाबले बहुत पीछे हैं। वह चाहे इंडस्ट्रियल कचरा हो या म्युनिसिपल। ऐसी स्थिति में तो और विषम हालात हो जायेंगे जबकि वर्ल्ड बैंक के अनुसार 2030 में भारत में हर साल निकलने वाला कूड़ा–कचरा 388 अरब किलो हो जायेगा। इसलिए जरूरी है कि लोगों को घरों में ही अलग–अलग डस्टबिन में कूड़ा–कचरा रखने के बारे में जागरूक किया जाये जिससे रिसाइकिलिंग में आसानी हो सके।

# पूर्वी उत्तर प्रदेश की सियासी पिच 'बाप रे बाप'

### किसी ने पुत्र के लिए सजाया मैदान, कोई जुटा मात देने में

**कृष्ण प्रताप सिंह**




गजब बेइज्जती है! एक चर्चित वेबसीरीज का यह लोकप्रिय डायलॉग पूर्वी उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों की धमाचौकड़ी में 'गजब बाप है' में बदल गया है। खासतौर से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्मभूमि इलाहाबाद और उनके प्रतिद्वंद्वी समाजवादी नेता डॉ. राममनोहर लोहिया की जन्मभूमि अम्बेडकरनगर में।

इलाहाबाद में कई बार सांसद, विधायक व मंत्री रहे समाजवादी पार्टी के अस्सी पार के एक धुरंधर नेता हैं कुंवर रेवती रमण सिंह। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में वह भाजपा के दिग्गज नेता मुरली मनोहर जोशी को हराने का पराक्रम प्रदर्शित कर चुके हैं और इस बार भी चुनाव लड़ने का मंसूबा बनाये बैठे थे। लेकिन उनकी पार्टी ने कांग्रेस से गठबंधन किया तो उनका विरोध दरकिनार कर उनकी इलाहाबाद सीट उसे दे दी। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव इलाहाबाद आकर भी उन पर नहीं पसीजे। इसके बावजूद रेवती कुछ दिन इस जुगत में लगे रहे कि किसी तरह कांग्रेस ही उन्हें अपने टिकट पर चुनाव लड़ा दे। फिर कहते हैं कि यह सोचकर पीछे हट गये कि 'लोग कहेंगे, बुढ़ापे में भी इसका सांसदी का लोभ नहीं छूटा और उसके लिए दलबदल कर लिया।'

लेकिन उनके मंसूबों ने हार नहीं मानी तो सांप मरे न लाठी टूटे वाला एक उपाय ढूंढ़ निकाला। अपने विधायक बेटे कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह को कांग्रेस की सदस्यता दिला दी और उसके लिए कांग्रेस के टिकट की पैरवी में लग गये। इस पैरवी में अंततः वे सफल भी हो गये। अब उज्ज्वल रमण सिंह कांग्रेस के प्रत्याशी हैं और कहते हैं कि सपा भी इससे खुश है। सपा और कांग्रेस का गठबंधन तो है ही, जिससे रेवती बिना हिचक व धर्मसंकट अपने नये–नये कांग्रेसी हुए बेटे का चुनाव प्रचार कर रहे हैं। उनके क्षेत्र में अनेक लोग उनकी मिसाल देकर कह रहे हैं कि बाप हो तो ऐसा! पिता–पुत्र की यह जोड़ी भी चर्चा में डॉ. लोहिया की जन्मभूमि अम्बेडकरनगर की राजनीति में भी बाप बेटे की एक ऐसी ही अजब–गजब जोड़ी सक्रिय है। बाप हैं राकेश पाण्डेय और बेटा रितेश पांडेय। दोनों हवा का रुख देखकर कभी सपा तो कभी बसपा में जाकर सांसद व विधायक बनते रहते हैं। लेकिन पिछले चुनाव में बसपा से सांसद बना बेटा रितेश इस बार फिर सांसद बनने के लिए भाजपा से चुनाव मैदान में उतर गये हैं, जबकि बाप समाजवादी पार्टी के विधायक हैं और निहुरे निहुरे ऊंट चरा रहे हैं। न खुलकर भाजपाई बेटे का प्रचार कर रहे, न उनके प्रतिद्वंद्वी सपा–कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी लाल जी वर्मा का ही। लोग कहते हैं कि पितृ धर्म और पार्टी धर्म के बीच फंस गये हैं वह। और ये पिताजी भी छाये रहते हैं एक और बहुचर्चित बाप हैं स्वामी प्रसाद मौर्य। बसपा से भाजपा और भाजपा से समाजवादी पार्टी तक की यात्रा कर चुके हैं और अब अपनी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बना डाली है। पिछले दिनों भाजपा ने उनकी सांसद बेटी संघमित्रा मौर्य का बदायूं लोकसभा सीट का टिकट काट दिया और इससे दुखी बेटी के रोने का वीडियो वायरल होने लगा तो स्वामी ने यह तक कह डाला कि उन्हें उसको बेटी कहते हुए शर्म आती है। क्योंकि विचारों की राजनीति में भावुकता के लिए कोई जगह नहीं होती और रोना–धोना बहुत ओछी व बचकानी बात है। उनके इस कथन के बाद कई लोग कहते दिखे कि एक यह भी बाप है।

## एक नजर..

# शांति भंग में 3 अभियुक्तो का चालान कर जेल भेजा

मनोज कांबोज/ युरेशिया



बिहारीगढ़। प्राप्त जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बिहारीगढ़ विनोद सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा आज दिनांक 24/04/2024 को तीन अभियुक्तो को शांति भंग करने के उपलक्ष में अभियुक्त शुभम पुत्र जयपाल निवासी फतेहपुर पेलो, अरशद पुत्र शौकत अली निवासी फ्तेहपुर पेलो मजरा थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर व संदीप पुत्र पाल्ला निवासी खुशालीपुर खुर्द थाना बिहारीगढ़ जिला सहारनपुर को धारा 151/107/116 को चालानी थाना बिहारीगढ़ इसके मकसन से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण शुभम पुत्र जयपाल, अरशद पुत्र शौकत, संदीप पुत्र पाल्ला के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक योगेंद्र चौधरी उप निरीक्षक बिजेंदर सिंह कांस्टेबल विक्रांत कुमार, कांस्टेबल गौरव कुमार शामिल रहे।

गौरतलब है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर के आदेशोंध्निर्देशों के अनुपालन में व ग्रामीण पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर के कुशल निर्देशन में संदिग्धोध्वाछिंतो एवं अपराधिक तत्वो एवं वारण्टीओं के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष विनोद सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा उपरोक्त नफर वारण्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# चिलकाना पुलिस ने 2अभियुक्तो को अवैध स्मैक व बाइक के साथ पकड़ा




नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकार सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कपिलदेव के कुशल नेतृत्व मे दो नफर अभियुक्त शेखर पुत्र नारायण सिंह निवासी रंधेड़ी थाना गंगोह व तोहिद पुत्र असलम निवासी घटहेड़ा थाना चिलकाना को अब्दुल्लापुर अहाड़ी चौराहे से 40ग्राम स्मैक व एक स्प्लेंडर मोटरसाईकिल बिना नंबर के साथ गिरफ्तार किया आवश्यक कार्यवाही के बाद भेजा जायेगा जेल.

गिफ्तार करने वाली टीम मे उप निरक्षक विजय सिंह व काव शुभम सिरोही व काओ अनुज राणा मौजूद रहा ।

# चिलकाना पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमँचे के साथ पकड़ा

नाथी सहल/युरेशिया




चिलकाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकार सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कपिलदेव के कुशल नेतृत्व मे एक अभियुक्त राशिद उर्फ सोनू पुत्र सगीर निवासी गुमटी थाना चिलकाना को एक 315बोर के तमँचे व जिन्दा कारतूस के साथ पकड़ा आवश्यक कार्यवाही के बाद माओ न्यायलय मे पेश किया जायेगा.

गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरक्षक विजय सिंह, का0शुभम सिरोही व का0अनुज राणा मौजूद रहे ।

# एस डी पब्लिक इंटर कॉलेज बरथा कायस्थ ने लहराया परचम




नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना ! क्षेत्र की अग्रणी शिक्षण संस्था एस डी पब्लिक इंटर कॉलेज बरथा कायस्थ पठेड ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में लगातार इस बार भी सफलता का परचम लहराया है विद्यालय के हाईस्कूल की छात्राए आस्था सैनी,तनु प्रजापति, आरती, आरिस, प्रीति सैनी,नूर इलाही,शैली, अनुष्का,खुशी, प्राची, शाकिर,अफान,जुवेरिया,रुद्रीका ने हाईस्कूल मे परचम लहराया तो वही इंटरमीडिएट लाइबा नूर, सुरभि धीमान,अलीना, खातीजा,सिया पंवार,अपने माता-पिता का नाम केअंशिका चौधरी,वंशिका चौधरी,खुशी सैनी व जलिन विद्यालय का नाम भी रोशन किया ! विद्यालय प्रबंधक संजय राणा व प्रधानाचार्य श्रीमति शशि राणा के साथ समस्त विद्यालय स्टाफने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

# तीतरों पुलिस ने किया तमंचे सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

अरविन्द चौहान /युरेशिया




तीतरों(सहारनपुर) सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा द्वारा जनपद में चलाए जा रहे आपराधिक धर पकड़ अभियान में तमंचा दिखाकर रोब गालिब करने वाले तमंचा धारी बदमाश को तीतरों पुलिस ने मुकबिर की सटीक सूचना पर चेकिंग के दौरान दबोचा। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र चिंकारा ने पुलिस टीम के सहयोग से चेकिंग के दौरान ग्राम धानवा जंगल मार्ग से एक तमंचाधारी बदमाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है जिसकी पहचान सद्दाम पुत्र रियासत निवासी ग्राम धानवा के रूप में हुई है। अभियुक्त के पास से एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है ?। सद्दाम ने पुलिस को बताया कि वह देशी तमंचा दिखाकर ग्रामीणों पर रोब गालिब करता था पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज कर अभियुक्त को जल भेज दिया।

# व्यापारियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करती, फ्लाईओवर निर्माण कंपनी

मनोज कांबोज/ युरेशिया



बिहारीगढ़। दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे अथॉरिटी की कार्यदाई संस्था के द्वारा दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे पर स्थित कस्बा बिहारीगढ़ में फ्लाई ऑवर का निर्माण धीमी गति से चल रहा है। जिसके कारण कस्बा वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जहां व्यापारियों के धंधे चौपट हो चुके हैं वहीं पर कार्यदाई संस्था कस्बे में फ्लाई ऑवर का निर्माण धीमी गति से कर रही है और सड़को पर पानी का छिड़काव नहीं कर रही है। तथा पूरे कस्बे में धूल के गुब्बारे साफदेखे जा सकते हैं जो आमजन व व्यापारियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। रोड के किनारे पर छोटे-छोटे व्यापारियों की दुकानों में रखा सामान धूल के कारण खराब हो जाता है। जो बाजार में बिकने लायक नहीं रहता। यदि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा कस्बे का निरीक्षण किया जाए तो रोड किनारे व्यापार करने वाले व्यापारियों को सांस से संबंधित अनेकों बीमारियों ने अपनी चपेट में ले रखा है। दुकानों पर बैठने वाले व्यापारी प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर है लेकिन इस और किसी भी अधिकारी का ध्यान नहीं जाता आखिर कब कस्बा वासियों को इस समस्या से निजात मिलेगी। कस्बे वासियों की समस्या को लेकर व्यापार मंडल जिलाधिकारी से कई बार मिल चुका है लेकिन निराशा के अलावा कुछ भी हाथ न लगा। अब देखना यह है कि क्या खबर प्रकाशित होने के बाद भी कोई अधिकारी इस जनहित की समस्या की ओर ध्यान देगा।

# सरसावा में होगा शानदार श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव

शक्ति चौधरी/युरेशिया




सरसावा। सभी धर्म प्रेमियों को सूचित किया जाता है कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम परिवार कमेटी सरसावा के द्वारा तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव दिनांक 26 अप्रैल 2024 में आयोजित किया गया है। जिसमें प्रातः 9: 00 बजे से श्री खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा श्री बनखंडी महादेव मंदिर नकुड़ सरसावा से आरंभ की जाएगी। और साँय 6: 00 बजे श्री खाटू श्याम जी का संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्री खाटू श्याम जी का गुणगान करने के लिए श्री अनिकेत, करनाल से और अधिष्ठा अनुष्का जी मध्य प्रदेश से बाबा श्याम का गुणगान करेंगी

आप सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाएं।

मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे ---

श्री खाटू श्याम जी मंदिर दरबार--

श्री खाटू श्याम जी की अखंड पवन ज्योत-

श्री खाटू श्याम जी के दरबार में इत्र वर्षा और फूलों की वर्षा अमृतमय भंडारा भी होगा !

# एसएसपी ने कराई ब्राइट होम इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधक समिति सम्मानित

### क्षेत्र में मजबूत सुरक्षा व्यवस्था बनाने पर थाना प्रभारी का थैंक यू-अहमद खान-

अरविन्द चौहान / युरेशिया



तीतरों(सहारनपुर) लोकसभा चुनाव के दौरान रात्रि में जवानों की व्यवस्था के लिए सशक्त भूमिका निभाने वाले तीतरों क्षेत्र के सम्मानित ब्राइट होम इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधक समिति को सहारनपुर एसएसपी डॉक्टर विपिन ताड़ा द्वारा भेजे गए सम्मान पत्रों से तीतरों थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने किए सम्मानित।

इस दौरान थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने मीडिया से जानकारी देते हुए बताया कि ब्राइट होम इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधक समिति द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान साफसुथरी एवं स्वच्छ रहने की व्यवस्था अर्ध सैनिक बलों के लिए स्थापित करने पर माननीय कप्तान साहब द्वारा स्कूल प्रबंधक को सम्मानित किया जा रहा है।रात्रि में अर्ध सैनिक बलों के रुकने की व्यवस्था करने वाले स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर जुनैद खान,मनसा उर रहमान, हिमांशु,अंकित कुमार,सुमन देवी, अजय कुमार, प्रीति चावला सहित समस्त स्टाफ को सम्मानित किया गया है।वही स्कूल के डायरेक्टर अहमद खान का कहना है कि हमें खुशी हुई है।हमारे जनपद के कर्मठ मेहनती एवंम इमानदार सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन ताडा ने हमारे स्कूल स्टाफ का धन्यवाद व्यक्त किया है।उनका कहना था कि वह हमारे मेहमान थे उनकी व्यवस्था देखना तो हमारा फर्ज था और जिस तरह से पुलिस द्वारा हमारे स्टाफको सम्मानित किया गया है तथा खास तौर पर क्षेत्र में मजबूती के साथ कानून व्यवस्था कायम करने वाले थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह व उनकी पूरी टीम को हमारी ओर से थैंक यू ।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया 20वां हनुमान जन्मोत्सव समारोह

अरविन्द चौहान / युरेशिया



गंगोह (सहारनपुर)श्री बालाजी धाम में 20वां हनुमान जन्मोत्सव समारोह परम्परागत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। पौ फ्टने तक श्रद्धालुजन भी भक्ति रस गंगा में गोते लगाते रहे। सांसद, विधायक, राजनेता, अधिकारी, व्यापारी, किसान मजदूर कीर्तन का आनन्द लूटते दिखें।श्री बालाजी संकट मोचन सेवा समिति द्वारा पवित्र कंकराली सरोवर में आयोजित जागरण से पहले महंत सुशील शर्मा ने सपत्नीक सुनीता शर्मा के साथ पं. रोहित शर्मा के पुरोहित्व में गणेशादि देवों का आहवान पूजन किया। कलश पूजन व्यापारी नेता मोल्ड़मल गर्ग व धर्मध्वजा पूजन पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल ने किया। सांसद प्रदीप चौधरी, शोभित विवि के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेन्द्र ने दिव्य ज्योति प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष करनाल योगेन्द्र राणा, आदेश गर्ग, दिनेश गोयल करनाल, प्रदीप गोयल, अरविन्द कपूर, सोहनलाल ठसका, मेयर गौरव गोयल, सतीश जैन, प्रदीप बंसल, जगजीत चौधरी, ईश्वर गोयल आदि ने देव प्रतिमाओं को माल्यार्पण किया। अतिथियों को महंत सुशील शर्मा ने पटका पहनाकर स्मृतिचिन्ह भेट किये। संचालन कश्यप कुमार फौजी ने किया। गायकों सुनील शर्मा व टविकंल शर्मा दिल्ली, श्रवण सोनी करनाल व ब्रजराज सिंह लक्खा टीसीरिज ने भजनों से समां बाध दिया वही मां. सोमनाथ दीक्षित सोनीपत का संचालन भी सबकों भाया। मुकेश गोयल, बलवंत मलिक, प्रखर शर्मा, योगेश, सतीश, अनुज सिंघल, बिजेन्द्र शर्मा, सभासद आशीष गर्ग, अशोक गोयल, भारत गर्ग, सुनील अग्रवाल, विवेक, मुकेश नामदेव, रविशंकर गर्ग, अनिरूद्ध शर्मा, अरविन्द्र साढ्ढा, आदेश नामदेव, अर्पित, वैभव, शुभम, सभासद दीपांशु गोयल, मनीष गर्ग, वरूण गर्ग, राकेश गोयल, संजय प्रज्ञेस आदि का योगदान रहा। श्रद्धालुओ की निशुल्क सेवा को लगाये स्टाल जागरण में अरविन्द्र साढा द्वारा खानपान, पेयजल व जूता स्टाल लगाकर श्रद्धालुओ की निशुल्क सेवा की गई।

# थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 मोटर साईकिल बरामद

प्रदीप धीमान / युरेशिया



सहारनपुर। थाना जनकपुरी पर गौरव सक्सैना पुत्र अनिल सक्सैना निवासी जनकनगर थाना जनकपुरी सहारनपुर ने एक लिखित प्रार्थना पत्र बाबत अज्ञात चोर द्वारा उसकी मोटर साईकिल रंग काला रजि0नं0 UP11AL5897 को चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0 74/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक जनकपुरी के कुशल नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सागर कुमार पुत्र लोकेश कुमार निवासी ग्राम कोलकी कला थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर उम्र वर्ष 23 को बाजोरिया रोड तिराहे से मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी। अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पुलिस पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मैने एक मोटर साईकिल लगभग 25-30 दिन पहले डा0 शशिकान्त अस्पताल के सामने से चोरी की थी जो मैने एसबीडी अस्पताल के पीछे जाने वाले रास्ते पर ट्यूबवैल के पास ऊंची ऊंची खडी घास मे छिपा रखी है। अभियुक्त द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचने पर मोटर साईकिल बरामद की गयी। मो0सा0 की नम्बर प्लेट पर रजि0न0 UP11BM7706अंकित है। तथा चेसिस नम्बर MBLHAR089JHJ10297 इंजन न0 HA10AGJHJB0577 अंकित है। मो0सा0 उपरोक्त के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 64/24 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात दिनांक 03.04.2024 को पंजीकृत किया गया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः- उ0नि0 लोकेश कुमार, उप निरी0 (प्रशि0) राजेश कुमार, है0कां0 राजेन्द्र कुमार, है0कां0 रविन्द्र कुमार शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान जी व शनि देव महाराज जी का जन्म उत्सव



सुनील सैनी /युरेशिया

छुटमलपुर। सिद्ध पीठ श्री शनि धाम मंदिर में विधि विधान के साथ हवन पूजन कर श्री शनि महाराज जी व पंचमुखी हनुमान जी महाराज को 56 भोग लगाकर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ग्राम चंदाहेड़ी में श्री शनि महाराज व पंचमुखी हनुमान जी महाराज का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया सभी श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम हवन पूजन किया साथ साथ सुंदरकांड का पाठ का गुणगान किया गया इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ साथ मंदिर परिसर में विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय किसान मजदूर क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सिंह सैनी के प्रतिनिधि सागर सैनी तहसील अध्यक्ष बेहट रविंद्र सैनी, महिला अध्यक्ष ऋतु सैनी, नाथीराम सैनी, डॉक्टर धूम सिंह सैनी, जसविंदर सैनी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय टेक्निकल फेस्ट टेक्नोजूम का आयोजन




अरविन्द चौहान / युरेशिया

गंगोह(सहारनपुर)शोभित विवि में स्कूल ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दो दिवसीय टेक्निकल फेस्ट टेक्नोजूम का आयोजन हो रहा है।

टेक्निकल फेस्ट में विश्वविद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र एवं छात्राओं के पंजीकरण खुल गए है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नई तकनीकी के प्रयोग व जानकारी से अवगत करना है। फेस्ट में प्रथम दिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पोस्टर बनाना, आईडियाथन व एथिकल हैकिंग, ऑनलाइन गेमिंग कार्यक्रम और दुसरे दिन हैकथॉन और टेक्निकल मूवी मेकिंग कार्यक्रम शामिल रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रो. डॉ. तरुण शर्मा ने टेक्निकल फेस्ट टेक्नोजूम के सन्दर्भ में बताया कि आयोजन से छात्रों में नई तकनीकी कौशलों का विकास होगा व छात्र भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एथिकल हैकिंग, टेक्निकल मूवी मेकिंग जैसे क्षेत्रों में अपना कॅरियर बना सकते हैं। टेक्निकल फेस्ट के लिए कुलपति प्रो. रणजीत सिंह व कुलसचिव डॉ. महिपाल सिंह ने अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उक्त आयोजन छात्रों के जीवन में नई दिशा का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# पुलिस ने किए कालेज प्रबंधक सम्मानित



मोमीन अली/ यूरेशिया

नागल। लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में स्कूलध्कॉलेजों के योगदान की सराहना करते हुए बुधवार को थाना पुलिस ने एसएसपी डॉ विपिन ताड़ा के निर्देश पर जनता इंटर कॉलेज, चौधरी कली राम डिग्री कॉलेज व आईआईएमटी कॉलेज के प्रधानाचार्य/ प्रबंधकों को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक थाना प्रभारी सतपाल भाटी ने कहा कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को बाहर से आए पुलिस बल को अपने कॉलेज में रुकने हेतू अच्छी व्यवस्था प्रदान करने में कॉलेजों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, महिला उपनिरीक्षक राखी शर्मा, मुख्य आरक्षी सन्नी तोमर आदि रहे।

**दैनिक यूरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**
**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

मोनु कश्यप जिला प्रभारी
मो0- 8630402509
प्रदीप धीमान मण्डल प्रभारी
मो0- 9997171951
अरविंद चौहान गंगोह प्रभारी
मो0- 9759693305
मणिकांत वत्स स0पुर
मो0- 9759178755
मोनीन नागल प्रभारी
मो0- 9639221277
अश्वनी धीमान नानौता प्रभारी
मो0- 9720509609
नाथीराम सहल चिलकाना प्रभारी
मो0- 6397074075
भवानी सिंह सैनी तहसील बेहट प्रभारी
मो0- 8077518294
विकास शर्मा तहसील नकुड़ प्रभारी
मो0- 6396576517
शक्ति चौधरी सरसावा प्रभारी
मो0- 9719777268
मनोज कंबोज बिहारीगढ़ प्रभारी
मो0- 9675196324
सुनील कुमार सैनी छुटमलपुर प्रभारी
मो0- 9758712680

## एक नजर..

### 22 ट्रैफिक कर्मी गए गैर जनपद, यातायात पर असर

युरेशिया संवाददाता

अंबेडकरनगर। चुनाव व वीआईपी ड्यूटी में ट्रैफिक कर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने से यातायात प्रबंधों को लेकर चुनौती खड़ी हो गई है। कुल 49 ट्रैफिक कर्मियों से 22 को अलग अलग स्थानों में ड्यूटी पर जिले से बाहर जाना पड़ा है। इससे जिला मुख्यालय समेत अन्य शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने को लेकर कठिनाई सामने आ रही है।जिला मुख्यालय समेत टांडा, बसखारी व जलालपुर नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए कुल 49 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती है। यातायात का दबाव बढ़ने के साथ ही ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की संख्या में भी पिछले कुछ वर्षों में बढ़ोत्तरी हुई है। इसका सकारात्मक असर भी होता आया है। हालांकि अब चुनाव व वीआईपी ड्यूटी ने इस व्यवस्था को प्रभावित किया है।एक टीएसआई व आठ सिपाही एक दिन पहले सोमवार को वीआईपी ड्यूटी के लिए बरेली चले गए। एक टीएसआई व आठ सिपाहियों को अयोध्या ड्यूटी के लिए भेजा गया है। चार सिपाही चुनाव ड्यूटी के लिए बिजनौर रवाना हो चुके हैं। नतीजा यह है कि न सिर्फअकबरपुर वरन अन्य शहरी क्षेत्रों में भी यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में कठिनाई खड़ी हो रही है। माना जा रहा कि अभी आने वाले दिनों में अन्य सिपाहियों को भी गैर जनपद की ड्यूटी में भेजा जा सकता है। इससे सबसे ज्यादा असर अकबरपुर नगर की यातायात व्यवस्था पर दिखेगा। यातायात प्रभारी जयबहादुर यादव ने कहा कि यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं हो रही है। अतिरिक्त प्रबंधों के जरिए व्यवस्था सुचारु बनाए रखा जा रहा है।

### फूड प्वाइजनिंग से 70 से ज्यादा बीमार वैवाहिक आयोजन में खाने से बिगड़ी हालत बच्चे और बुजुर्ग शामिल

युरेशिया संवाददाता

अम्बेडकरनगर। वैवाहिक आयोजन में फास्ट फूड खाने के बाद 70 से अधिक लोग बीमार पड़ गए। इसमें घराती और बराती दोनों शामिल रहे। आधी रात में सभी को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।घटना बेवाना थाना इलाके के मुंगरी गांव की है। स्थानीय निवासी सीताराम की पुत्री का मंगलवार को विवाह था। बरात आने के बाद वहां फास्ट फूड खाने का दौर शुरू हुआ। इसके कुछ देर बाद से लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। पेट दर्द के साथ ही उल्टी और चक्कर आने जैसी दिक्कत शुरू हो गई। एक-एक कर कई लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें नजदीकी जाफरगंज स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र ले जाया गया। हालांकि संख्या अधिक होने पर सभी को जिला अस्पताल भेजा गया। वहां सभी को भर्ती कर उपचार शुरू हुआ। इन सबके बीच जैसे तैसे वैवाहिक रस्म भी निभाई गई। जिला अस्पताल में 69 लोग भर्ती हैं जबकि चार अन्य का इलाज जाफरगंज में किया गया। बीमार लोगों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सीएमएस डॉ ओम प्रकाश ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग की वजह से ऐसा हुआ है। सभी लोगों की हालत अब सामान्य है। एक साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों के फूड प्वाइजनिंग की खबर मिलते ही डीएम अविनाश सिंह, एसपी डॉ कौस्तुभ, एडीएम डॉ सदानंद और सीएमओ डॉ राजकुमार भी जिला अस्पताल पहुंच गए। अधिकारियों ने वहां भर्ती लोगों से बातचीत की। सीएमएस को निर्देश दिया कि पूरी तरह ठीक होने के बाद ही यहां से वापस घर भेजा जाए। जिला अस्पताल में मुंगरी की मंजू (22), रमेश (62), शिवांगी (14), राम जियावन (70), शशि (35), अंकित (36), प्रिया (6), ममता (24), अवधेश (11), सुनीता (27), राम बचन (65), राजू (38), सुनील (25), अंजू (18), कमला (48), अवनीश (12),शीला (42), अतुल (5), श्याम सुंदर (18) आदि भर्ती होने वालों में शामिल हैं।

### नाबालिग गैंगरेप पीड़िता की नहीं दर्ज हो रही रिपोर्ट

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। थाना लिसाड़ी गेट अन्तर्गत समर गार्डन में अपनी बहन के यहां रहने आई 14 वर्षीय बालिका के साथ क्षेत्र के ही तीन लड़कों ने 22 अप्रैल की रात्रि में लगभग 9 बजे जबरदस्ती खाली मकान में ले जाकर गैंगरेप किया। जब बच्ची ने सारी घटना अपने घर आकर बहन और बहनोई को बताई तो वे डर गये और 23 अप्रैल को लिसाड़ी गेट थाने में तहरीर दी, तहरीर देते ही आरोपी पक्ष पीड़िता के परिवार जनों पर समझौते का दवाब बना रहा है और पुलिस अभी तक भी एफआई आर दर्ज नहीं कर रही है।




# जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सामान्य प्रेक्षक के समक्ष किया गया ऑनलाईन रैण्डमाइजेशन

**लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी व एसएसपी ने की ब्रीफिंग**

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बने स्ट्रांग रूम व कंट्रोल रूम का निरीक्षण**

**एफएसटी (उडन दस्ता)ध्एसएसटी व पुलिस विभाग की गठित टीम द्वारा 5 लीटर शराब का किया गया जब्तीकरण**








युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। आज एनआईसी मेरठ में 10-मेरठ लोकसभा क्षेत्र की ई0वी0एम0 वी0वी0पैट मशीनों का ऑनलाईन रैण्डमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता के समक्ष किया गया।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा व एसएसपी रोहित सिंह सजवाण द्वारा पुलिस बल के कर्तव्यों के संबंध में ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि 10-मेरठ लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन हेतु पोलिंग पार्टी विक्टोरिया पार्क से रवाना होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय से अपने गन्तव्य स्थल पर पहुंचने के लिए कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने मतगणना केन्द्र सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मतदान के उपरांत ईवीएम मशीन सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढ़ग से जमा कराये जाने के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम तथा वहां बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अपर जिलाधिकारी प्रशासनध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया कि जनपद में एफएसटी (उडन दस्ता)/एसएसटी व पुलिस विभाग की गठित टीमों द्वारा दिनांक 24.04.2024 को 5 लीटर शराब अंकन 1300/- का जब्तीकरण किया गया। जनपद में आदर्श आचार सहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को मिला देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान

**सीएसआर ग्रुप द्वारा दिया गया शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान**




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सीएसआर ग्रुप द्वारा देश के शीर्ष विश्वविद्यालय के सम्मान से सम्मानित किया गया। सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलिज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय को सीएसआर ग्रुप के चेयरमैन एस.के.सचदेवा ने देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान प्रदान किया।समारोह को संबोधित करते हुए सुभारती लॉ कॉलिज के डीन डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने सीएसआर ग्रुप को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा युवाओं के उत्थान हेतु प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा, चिकित्सा एवं अनुसंधान के साथ भारतीय संस्कारों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके साथ ही विधि के क्षेत्र में संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए अपने विद्यार्थियों में विधिक ज्ञान रोपित कर न्यायिक व्यवस्था को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से देशहित में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय शिक्षा में गुणवत्ता देने एवं विद्यार्थियों में कौशल विकास पर अधिक बल देता है ताकि पढ़ाई पूरी होने पर छात्र छात्राएं रोजगार प्राप्त कर देश हित में अपनी योग्यता से सराहनीय कार्य कर सकें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने सम्मान मिलने पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि यह बड़े गौरव की बात है, कि स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष विश्वविद्यालय का सम्मान प्राप्त हुआ है। उन्होंने विशेष कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय हमेशा से ही शिक्षा के हर क्षेत्र में देश हित के उद्देशों से कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय के आदर्शों का सम्मान है। इस अवसर पर प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, पीपीडी निदेशक ई. आकाश भटनागर आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

### पं0 दीन दयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कॉलिज के छात्र छात्राओं ने किया वृक्षारोपण




**राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्र/छात्राओं ने मेरठ कैन्ट परिक्षेत्र में लगाये पौधे**

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। पं0 दीन दयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कॉलिज मेरठ कैन्ट के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्रध्छात्राओं ने मेरठ कैन्ट परिक्षेत्र में वृक्षारोपण किया। विद्यार्थियों ने अमरूद, जामुन, पीपल के साथ-साथ मौसमी पौधे भी लगाये। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ0 निर्देश वशिष्ठ एवं शिक्षा विभाग की प्राचार्या डॉ0 ऋतु भारद्वाज ने एनएसएस के छात्रध्छात्राओं का नेतृत्व करते हुए कहा कि दिन प्रतिदिन बढ़ रहे प्रदूषण को रोकना हम सबकी जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण पर्यावरण को सुरक्षित रखने का सबसे बड़ा विकल्प है। संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ0 रोबिन्स रस्तौगी ने छात्रध्छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। संचालक मण्डल में प्रवीन कुमार गौतम, डॉ0 रचना त्यागी, डॉ0 अमित शर्मा, उत्तम सिंह नेगी रहे।

# हर सांस में हो सिमरन तेरा, यूं बीत जाए जीवन मेरा

**संत निरंकारी 348 भाई बहनों ने किया रक्तदान**




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन मेरठ के तत्वाधान में मानव एकता दिवस पर, दामोदर कॉलोनी, गढ़ रोड, मेरठ पर स्थित सन्त निरंकारी सत्संग भवन पर प्रातः 09 बजे से दोपहर 2 बजे तक 28 वॉ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय, मेरठ की ब्लड बैंक टीम ने 348 यूनिट रक्त संकलित किया प् यह रक्त किसी विशेष व्यक्ति के लिए नहीं अपितु मानव कल्याण के लिए अर्जित किया गया है, लगभग 432 भाई-बहनों ने रक्तदान हेतु अपना रजिस्ट्रेशन कराया और 348 भाई-बहनों ने रक्तदान किया। इस विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिए अल्प आहार एवं पेयजल की भी उचित व्यवस्था की गई थी और साथ ही साथ मानव मूल्यों पर आधारित मिशन की शिक्षाओं और प्रेरणाओं को समस्त साध संगत के बीच साझा किया गया। संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 1986 से अब तक इन कैंपों के अंतर्गत 13,31,906 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है।

युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में उनकी शिक्षाओं से निरंतर प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानव एकता दिवस के अवसर पर संपूर्ण विश्व में रक्तदान शिविरों का आयोजन मानव एकता दिवस पर देशभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। मिशन के भक्तों के लिए रक्तदान, पहले से ही जनकल्याण की सेवा भाव में एक अभिन्न अंग रहा है। युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के कथन श्रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहेश् इस सन्देश को मिशन के अनुयायियों ने निश्चित रूप में चरितार्थ किया है और जिसे वर्तमान में सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देशानुसार निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। सत्संग की अध्यक्षता कर रहे दिल्ली मुख्यालय से आए विवेक मौजी ने अपने विचारों में फरमाया कि यह रक्तदान, न हिंदू ,न सिख- ईसाई, न हम मुसलमान हैं, मानवता है धर्म हमारा, हम केवल इंसान है, की भावना रखने वाले अनुयायियों ने दिया है। सत्संग का संचालन डॉक्टर सत्येंद्र ने किया। अपनी बारी में बहन रीना ने भजन गया कि ष्हर सांस में हो सिमरन तेरा- यूं बीत जाए जीवन मेरा। रक्तदान शिविर के आयोजन को सफ्ल बनाने में मेरठ जोन के जोनल इंचार्ज -कुंवरपाल सिंह, जिला चिकित्सालय मेरठ, ब्लड बैंक के अध्यक्ष -डॉक्टर कोशिंदर एवं उनकी टीम, संयोजक संजय कुमार, सेवादल संचालक भरत उज्जवल, शिक्षक-जोगिंदर सिंह, सहायक संचालिका कुलदीप कौर, डोली एवं सेवादल के नौजवान भाई बहनों तथा समस्त साध संगत का संपूर्ण योगदान रहा। अनेकों दूर-दूर स्थानों से चलकर आए अनेक गणमान्य महानुभाव भी मौजूद रहे ।

# मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम 2023-2024 शीर्षक 'कला की संस्कृति का पुनर्गठन




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग ने ष्कला की संस्कृति का पुनर्गठनष् शीर्षक से चार दिवसीय मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया। यह मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम ष्कला की पुनर्गठन संस्कृतिष् छात्रों में कौशल बढ़ाने और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए तैयार किया गया। हमारा मानना है कि छात्रों को अपने क्षेत्र का बहुमुखी ज्ञान होना चाहिए, चाहे वे व्यावहारिक कला, चित्रकला या मूर्तिकला स्ट्रीम के हों। उनके ज्ञान और कौशल को बेहतर बनाने के लिए मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम में विभिन्न कला तकनीकों की व्यवस्था की गई। इस पाठ्यक्रम में जिन ललित कला तकनीकों और विधियों को शामिल किया गया है, वे हैं चाक पर बर्तन बनाना, जो मूर्तिकला का हिस्सा है, इंस्टालेशन कला जो पेंटिंग का हिस्सा है और लिनोकट प्रिंट बनाना जो कला की मुद्रण तकनीक का हिस्सा है। ललित कला विभाग के सभी छात्रों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया और चाक पर मिट्टी के बर्तन/इंस्टॉलेशन आर्टध्लिनोकट प्रिंटमेकिंग के बारे में सीखा। विषयों के लिए संकाय सदस्यों की नियुक्ति की गई, जैसे चाक पर मिट्टी के बर्तनों के लिए श्री धर्म राज, इंस्टालेशन कला के लिए डॉ. पवनेंद्र तिवारी और आशीष मिश्रा और लिनोकट प्रिंटमेकिंग कला के लिए रमेश चंद्र मौर्या। लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों ने ललित कला की इन सभी तकनीकों का ज्ञान प्राप्त किया। छात्र के ज्ञान लाभ का मूल्यांकन करने के लिए सभी छात्रों के लिए प्री टेस्ट और पोस्ट टेस्ट आयोजित किया गया और अंकों के आधार पर छात्रों को ग्रेड के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। पाठ्यक्रम प्रोफेसर डॉ. पूजा गुप्ता विभागाध्यक्ष और मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के समग्र प्रभारी, डॉ. अंशू श्रीवास्तव पाठ्यक्रम समन्वयक और ललित कला विभाग के सभी संकाय सदस्यों की सहायता से आयोजित किया गया। बीएफए छात्र आकाश, कुलदीप, विरथ, शशांक, मुस्कान, सलोनी, शालिनी, ईशा, फराज, गीतांश, प्रभात विदुषी शर्मा, सुजाता चौधरी पहली बार चाक पर मिट्टी के बर्तनों और लिनोकट प्रिंटमेकिंग का अनुभव करके खुश हैं क्योंकि यह उनके लिए एक नया विषय है। इंस्टालेशन कला उत्साह से भरी है क्योंकि छात्रों को विभिन्न दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ एक कला कृति बनानी होती है वंश शर्मा, विक्रम सिंह, ऋषिता काम्बोज, ज्योत्सना निमेश, प्रखर, अनुराग, पाठ्यक्रम में खुशी और कौशल महसूस करते हैं। छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यों का प्रदर्शन किया गया। यह पाठ्यक्रम प्रोफेसर डॉ. पिंटू मिश्रा डीन और प्रिंसिपल ललित कला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया । उन्होंने उल्लेख किया है कि 'मूल्य-वर्धित' शब्द से पता चलता है कि ये पाठ्यक्रम छात्रों को उनकी प्राथमिक शिक्षा के पूरक और उनके क्षितिज का विस्तार करके अतिरिक्त मूल्य प्रदान करते हैं। यह छात्रों के शैक्षिक अनुभवों को बढ़ाने और उन्हें तेजी से विकसित हो रही दुनिया में सफ्लता के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन पाठ्यक्रमों की पेशकश करके, हम व्यापक और समग्र सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं जो छात्रों को उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों में आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाते हैं।

# चाइनीस मांझे से 12 वीं क्लास के छात्र की गर्दन कटी, छात्र गम्भीर रूप से घायल हो गया

**नजीबाबाद निवासी युवा पत्रकार आतिफशेख भी आए चाइनीज माझे की चपेट में, घायल**



**आखिर क्यों नही लग पा रही इस जान लेवा मांझे पर रोक**
**सवाल ये है क्यू नही लगा पा रहा शासन परशाशन रोक**
**आखिर दुकानों पर कैसे बिकता है बारी मात्रा में ये मांझा और अगर नही बिकता यहां की दुकानों पर तो इतनी भारी मात्रा में केसे लहरता दिखाई दे रहा ये मांझा**
**लोगो की जान का खतरा बना चाइनीज मांझा इस पर रोक लगनी जरूरी**

आतिफशेख /युरेशिया

नजीबाबाद। जनपद बिजनौर के नजीबाबाद थाना क्षेत्र के भारत सिनेमा फ्लाईओवर का है जहा उस वक्त हड़कंप मच गया जब प्रणव नाम का छात्र अपने पिता के साथ बाइक पर सवार होकर स्कूल जा रहा था तभी अचानक नजीबाबाद के भारत सिनेमा फ्लाईओवर पर चाइनीस मांझा आ गया और प्रणव नामक छात्र की चाइनीस मांझे की चपेट मे आकर उसकी गर्दन कट गई और वह गमभीर रूप से घायल हो गए वही सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया स्थानय लोगो की मदत से घायल छात्र को पास ही के अस्पताल में भर्ती कराया वही दूसरी कोटद्वार रोड की ओर से आ रहे युवा पत्रकार आतिफ शेख भी चाइनीज मंझे की चपेट में आ गए उन्होंने बताया कि वो कोटद्वार रोड से पुल के उपर चढ़ने ही वाले थे की अचानक चाइनीज मांझा आ गया और उनके गले पर खीच गया गनीमत रही की वो बाइक धीरे चला रहे थे जिस कारण उन्होंने चाइनीज मांझा हाथ से पकड़ लिया और उनके साथ एक बड़ा हादसा होने से टल गया वरना वो बुरी तरह जख्मी हो सकते थे ।

जहां चाइनीस मांझा के कारण छात्र व अन्य लोगो के गले में काफी सारे टांके आय है घायल छात्र के परिजनों ने किसानों के साथ जाकरै क् ड कुंवर बहादुर सिंह को घटना की जानकारी दी और मांझे पर रोक लगाने की मांग भी की नजीबाबाद में आए दिन चाइनीज मांझे से लोग घायल हो जाते है परंतु इस चाइनीज मांझे पर रोक नही लग पाती पूर्व में भी इस चाइनीज मांझे के कारण काफी लोग बुरी तरह जख्मी हो चुके कुछ दिन पूर्व भी नजीबाबाद की सुप्रसिद्ध मोबाइल की दुकान शाहिद के पुत्र को भी चाइनीज मांझे ने अपनी चपेट में ले लिया था जिससे वो बोहोत ज्यादा गंभीर रूप घायल हो गया था उसकी हालत बोहोत ज्यादा गंभीर हो गई थी

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)